दिनांक 14 मई 2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

वाटर हार्वेस्टिंग को लेकर आयुक्त एस.के. सुंदरानी ने बताया जल संरक्षण का महत्व, उपस्थित लोगों ने लिया संकल्प

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एस.के. सुंदरानी जल संरक्षण एवं संचयन के कार्य को लेकर वाटर हार्वेस्टिंग के प्रति गंभीर हैं! आयुक्त द्वारा वाटर हार्वेस्टिंग को लेकर विभिन्न समीक्षा बैठकों के माध्यम से अधिकारियों को कड़ा निर्देश प्रदान किया गया है जिसमें उन्होंने ऐसे स्थानों पर जहां से जलभराव की स्थिति निर्मित होती है तथा विभिन्न मार्गो से होते हुए जल व्यर्थ बहती है इनको एकत्रित करने के लिए इस प्रकार के स्थलों को चयनित कर वाटर हार्वेस्टिंग के रूप में तब्दील करने आदेशित किया है! इसी तारतम्य में जन जागरूकता लाने के लिए लोगों के बीच परिचर्चा भी आयोजित की जा रही है दिन सोमवार को सेक्टर 8 मे गुरुदेव की भजन संध्या मे बड़ी भीड़ एकत्रित हुई थी जिसमें आयुक्त श्री सुंदरानी भी जल संरक्षण के महत्व को बताने के लिए मौजूद हुए थे! आयुक्त महोदय ने मौजूद सभी लोगों से जल संरक्षण एवं संचयन के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि जल का स्वरूप बदल जाता है आज हम पानी की कमी महसूस करते हैं बारिश के दिनों में इसी पानी से हमें परेशानी उठानी पड़ती है इन सभी का एकमात्र उपाय वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित करना है जो कि घर से निकलने वाले पानी को एवं अनावश्यक बहने वाले पानी को वाटर हार्वेस्टिंग के माध्यम से भूगर्भ में पहुंचाना है ताकि वर्तमान एवं आने वाले कल मे पानी के लिए दिक्कत ना हो!

घर का पानी घर में रहे , मोहल्ले का पानी मोहल्ले में , शहर का पानी शहर में रहे इस उद्देश्य को लेकर निगम प्रशासन जन जागरूकता कर रहा है जिसमें सभी का सहयोग अपेक्षित है!इसके बाद आयुक्त महोदय द्वारा उपस्थित सभी लोगों को जल संरक्षण संचयन के लिए संकल्प दिलाया गया!

जनसम्पर्क अधिकारी